# कार्यालय नगर पालिका परिषद, जौनपुर।

## कार्यालय ज्ञाप

## पालिका पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो के नवीनीकरण हेतु सूचना

नगर पालिका परिषद, जौनपुर के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि पत्रांक सं0–218/आठ–निर्माण दिनांक–29.05.2019 के क्रम में हिन्दुस्तान समाचार पत्र में दिनांक–31.05.2019 को प्रकाशित विज्ञप्ति को निरस्त करते हुए निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय व नगरीय शोध प्रशिक्षण केन्द्र सेक्टर–7 गोमती नगर विस्तार, उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक–तक0सेल/07/निदे0/2019 दि0–28.06.2019 के अनुपालनार्थ वित्तीय वर्ष 2019–20 हेतु पंजीयन नवीनीकरण के लिए निम्नलिखित अभिलेखो के साथ आवेदन पत्र प्रकाशन तिथि से 30 अगस्त 2019 तक स्वीकार किए जायेंगे।

1. जिलाधिकारी द्वारा निर्गत पी0डब्लू0डी0 टी–4 प्रपत्र पर चरित्र प्रमाण पत्र (जो दो वर्ष, दिनांक 01.08.2017 से पूर्व का न हो) की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
2. जिलाधिकारी द्वारा निर्गत पी0डब्लू0डी0 टी–5 प्रपत्र पर हैसियत प्रमाण पत्र वर्गीकरण/श्रेणी के अनुरूप (जो दो वर्ष, दिनांक 01.08.2017 से पूर्व का न हो) की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. आयकर/जी0एस0टी0 पंजीयन प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगा।
4. श्रम विभाग के वैध पंजीयन प्रमाण–पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगा।
5. विभिन्न कैटेगरी के क्लास–ए, क्लास–बी, क्लास–सी, क्लास–डी एवं क्लास–ई के ठेकेदारो के लिए निर्धारित निविदा सीमा/निर्धारित हैसियत (साल्वेसी) सीमा, निर्धारित जनरल जमानत सीमा के अनुरूप किया जायेगा। कैटेगरी/निविदा सीमा/हैसियत/जमानत आदि नगर पालिका परिषद, जौनपुर के बेबसाईड www.nppjaunpuronline.org पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| (कृष्ण चन्द्र) | माया टंडन (माया टण्डन) |
| अधिशासी अधिकारी, | अध्यक्ष |
| नगर पालिका परिषद, जौनपुर। | नगर पालिका परिषद, जौनपुर। |

संख्याः– 671-671 (III) 13175-निर्माण/ दिनांकः– 17-7-19

प्रतिलिपिः–

1. सम्पादक/संवाददाता दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला/दैनिक जागरण जौनपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि उपरोक्त का प्रकाशन अगले संस्करण में एक बार न्यूनतम स्थान में प्रकाशित कराकर बिल के साथ समाचार पत्र की 5 प्रतियॉ भेजवाने की व्यवस्था करें।
2. पालिका नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
3. कार्यालय अधीक्षक, नगर पालिका परिषद, जौनपुर को पालिका बेबसाईड www.nppjaunpuronline.org पर अपलोड कराने हेतु।

अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद, जौनपुर।

प्रेषक,

निदेशक,
स्थानीय निकाय निदेशालय, व नगरीय शोध प्रशिक्षण केन्द्र,
सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार,
उ0प्र0, लखनऊ।

सेवा में,

1– समस्त नगर आयुक्त,
नगर निगम, उ0प्र0।

2– समस्त अधिशासी अधिकारी,
न0पा0परि0 / न0पं0 उ0प्र0।

पत्रांक– तक0सेल / 07 / निदे0 / 2019 दिनांक: 28 जून, 2019

**विषयः– निविदाओं के सम्बन्ध में दिशा निर्देश।**

महोदय,

नगरीय निकायों द्वारा कराये जा रहे कार्यो की निविदायें में पारदर्शिता, परस्पर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा एवं गुणवत्ता को सुनिश्चित करने हेतु निम्नांकित दिशा निर्देश जारी किये जा रहे है।

1– कार्यो की निविदा प्रकाशन न्यूनतम दो समाचार पत्रों (जनपद के संस्करण) एवं एक स्थानीय समाचार में प्रकाशित किया जाय। निविदा का विज्ञापन विभाग की वेवसाइट पर लोड कराया जाना एवं समय–समय पर निर्गत शासनादेशों के प्राविधानों को सम्मिलित करते हुए ही विज्ञापन कराया जाना सुनिश्चित करें।

2– समस्त निर्माण कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व शासनादेश के अनुसार मानक साइन बोर्ड लगाया जाना सुनिश्चित करें।

3– शासनादेश संख्या–3 / 2017 / 1067 / 78–2–2017–42 आईटी0 / 2017 अनुभाग–2 दिनांक 12.05.2017 के प्राविधानों के अन्तर्गत निविदा शुल्क (Tender Fee) के भुगतान तथा धरोहर राशि (Earnest Mony) के भुगतान एवं वापसी की प्रकिया भी भौतिक रूप Physical Form में न करके ऑनलाइन व्यवस्था ही सुनिश्चित किया जाये।

4– ई–निविदा हेतु निकाय में पंजीकृत ठेकेदार, बिडर्स / कान्ट्रैक्टर्स, बेन्डर्स एवं शासनादेश संख्या–3 / 2017 / 1067 / 78–2–2017–42 आईटी0 / 2017 अनुभाग–2 दिनांक 12.05.2017 के कम में यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिडर्स / कान्ट्रैक्टर्स / बेन्डर्स को प्रतिभाग करने हेतु अवसर प्रदान करते हुए निविदा आमंत्रण की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

5– शासनादेश संख्या–622 / 23–12–2012–2 आडिट / 08 टी0सी0–2 लखनऊ दिनांक 08.06.2012 के कम में अतिरिक्त परफार्मेन्स सिक्योरिटी एवं शासनादेश में यथा संशोधित नियमों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

6– ठेकेदारों के वर्गीकरण एवं पंजीकरण के लिए मुख्य अभियन्ता यू0पी0 पी0डब्लू0डी0 के पत्र संख्या–362 / एम0टी0जी0 / 70एफ–68 दिनांक 08.10.82 के अनुसार एवं संशोधन शासनादेश संख्या– 3460 / 23–7–08–41 एस0एस0ए0 / 54टी0सी0 / III लोकनिर्माण अनुभाग–7 लखनऊ दिनांक 28.07.2008 के अनुसार वर्गीकरण करते हुए ही रजिस्ट्रेशन की प्रकिया अमल में लायी जाये जो निम्न प्रकार है।

7– उपरोक्त में शासन द्वारा समय–समय पर निर्गत किये जाने वाले प्राविधानों को सम्मिलित किया जाय।

8– सामग्री आपूर्ति के ठेको में किसी विशिष्ट फर्म (मेक) का उल्लेख न करते हुए विशिष्टयों (आई0एस0आई0) का स्पष्ट उल्लेख किया जाय।

उक्त आदेशों का कड़ाई से किया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीया,

(डा0 काजल)
निदेशक।

पत्रांक एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1 – जूनियर प्रोग्रामर, स्थानीय निकाय निदेशालय को वेबसाइट पर अपलोड करने एवं ई–मेल करने हेतु।

(डा0 काजल)
निदेशक।

1– विभिन्न कैटेगरी के क्लास ए क्लास बी क्लास सी क्लास डी एवं क्लास ई के ठेकेदारों के लिए निर्धारित निविदा सीमा :–

| क्र0 सं0 | कैटेगरी | क्लास (ए) | क्लास (बी) | क्लास (सी) | क्लास (डी) | क्लास (ई) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ब्रिजेस और रोड्स | असीमित | रू0–2.00 करोड़ | रू0–75.00 लाख | रू0–40.00 लाख | रू0–5.00 लाख |
| 2. | बिल्डिंग सैनेट्री एवं वाटर सप्लाई | तदैव | रू0–2.00 करोड़ | रू0–75.00 लाख | रू0–40.00 लाख | रू0–5.00 लाख |
| 3. | इलेक्ट्रिक / मेकैनिकल वर्क्स | तदैव | रू0–5.00 लाख | रू0–2.50 लाख | रू0–1.00 लाख | — |
| 4. | रोड साइनेज वर्क्स | तदैव | रू0–5.00 लाख | — | — | — |

2– विभिन्न कैटेगरी के क्लास ए क्लास बी क्लास सी क्लास डी एवं क्लास ई के ठेकेदारों के लिए निर्धारित हैसियत (साल्वेंसी) सीमा :–

| क्र0 सं0 | कैटेगरी | क्लास (ए) | क्लास (बी) | क्लास (सी) | क्लास (डी) | क्लास (ई) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ब्रिजेस और रोड्स | रू0–50.00 लाख | रू0–40.00 लाख | रू0–20.00 लाख | रू0–5.00 लाख | — |
| 2. | बिल्डिंग सैनेट्री एवं वाटर सप्लाई | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव | — |
| 3. | इलेक्ट्रिक / मेकैनिकल वर्क्स | रू0–40.00 लाख | रू0–2.00 लाख | रू0–1.00 लाख | — | — |
| 4. | रोड साइनेज वर्क्स | रू0–15.00 लाख | रू0–2.50 लाख | — | — | — |
| 5. | लेबर वर्क | — | — | — | — | रू0–10.00 हजार |

3– विभिन्न कैटेगरी के क्लास ए क्लास बी क्लास सी क्लास डी एवं क्लास ई के ठेकेदारों के लिए निर्धारित जमानती राशि की सीमा :–

| क्र0 सं0 | कैटेगरी | क्लास (ए) | क्लास (बी) | क्लास (सी) | क्लास (डी) | क्लास (ई) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ब्रिजेस और रोड्स | रू0–5.00 लाख मु0अभि0 को बंधक | रू0–2.00 लाख मु0अभि0 को बंधक लाख | रू0–1.00 लाख अधि0अभि0 को बंधक | रू0–50.00 हजार अधि0 अभि0 को बंधक | — |
| 2. | बिल्डिंग सैनेट्री एवं वाटर सप्लाई | तदैव | तदैव | तदैव | तदैव | — |
| 3. | इलेक्ट्रिक / मेकैनिकल वर्क्स | रू0–1.00 लाख मु0 अभि0 को बंधक लाख | रू0–50.00 हजार अधि0 अभि0 को बंधक | रू0–5.00 हजार अधि0अभि0 को बंधक | — | — |
| 4. | मैकनिकल वर्क्स | तदैव | तदैव | तदैव | रू0–2.50 हजार अधि0अभि0 को बंधक | — |
| 5. | रोड साइनेज वर्क्स | रू0–15.00 लाख | रू0–37.50 हजार अधि0अभि0 को बंधक | — | — | — |
| 6. | लेबर वर्क | — | — | — | — | रू0–2.5 हजार अधि0 अभि0 को बंधक |